8

कुल आय व देय कर की गणना

[COMPUTATION OF TOTAL INCOME AND TAX PAYABLE]

अध्ययन परिणाम (Learning Outcomes)
इस अध्याय के पश्चात आप जान पायेंगे : ❑ एक व्यक्ति द्वारा विभिन्न अवस्थाओं में अर्जित आय को पहचानना जिस पर कुल आय की गणना करते समय विचार किया जाएगा; ❑ एक व्यक्ति के कर दायित्व और कुल आय की गणना में सम्मिलित चरणों की सराहना करना; ❑ किसी व्यक्ति की आवसीय स्थिति की पहचान करके उसकी कुल आय की गणना करना, प्रभारी समझने योग्य तथा विभिन्न प्रावधानों के तहत छूट के प्रावधानों को लागू करना, क्लविंग प्रावधानों को लागू करना, हानि के सैट–ऑफ के लिए प्रावधान और सकल कुल आय से कटौती के लिए प्रावधान; ❑ कुल आय पर करों की लागू दरों को लागू करने वाले व्यक्ति की कर देयता, अधिभार की दर, यदि लागू हो, और शिक्षा उपकर/माध्यमिक और उच्च शिक्षा उपकर की दर की गणना करना; ❑ वैकल्पिक न्यूनतम दर (AMT) के प्रावधानों की प्रयोज्यता की जांच करें और यदि लागू हो, तो ऐसे प्रावधानों को लागू करने वाले कर दायित्व की गणना करें और आगे बढ़ाने के लिए कर क्रेडिट यदि कोई हो का निर्धारण करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India



© The Institute of Chartered Accountants of India

1. कुल आय का अर्थ (Meaning of Total Income)

कुल आय का निर्धारण सकल कुल आय में से अध्याय VI-A की कटौतियाँ घटाने के बाद किया जाता है। जैसा कि हम पहले सीख चुके हैं कि आय मिलान के प्रावधानों व हानि–पूर्ति तथा आगे ले जाने के प्रावधानों को लागू करते हुए 5 शीर्षकों की शुद्ध आय का योग सकल कुल आय कहलाती हैं।

2. व्यक्ति की कुल आय की गणना के लिए समझी जाने वाली आय (Income to be Considered While Computing total Income of Individuals)

	व्यक्ति की आय उपार्जन सामर्थ्य	प्रत्येक स्थिति में आय का व्यवहार
(1)	व्यक्ति की हैसियत से (आय के 5 शीर्षकों में)	वेतन से आय, मकान सम्पत्ति से आय, व्यवसाय व पेशे के लाभ, पूँजी लाभ, अन्य स्रोतों से आय
(2)	फर्म के साझेदार के रूप में	(i) वेतन, बोनस प्राप्ति को व्यावसायिक आय की तरह कर योग्य है। (ii) फर्म के ऋण व पूँजी पर ब्याज साझेदार की व्यवसाय की आय के रूप में कर लगाया जाता है। (i) व (ii) में वर्णित आयों को उतना कर योग्य माना जाता है। जितने उन्हें फर्म को कटौती योग्य माना गया। (iii) लाभ का हिस्सा साझेदार के नाम में कर मुक्त होगा।
(3)	HUF के सदस्य के रूप में	(i) HUF में लाभ का हिस्सा सदस्य के नाम में कर मुक्त है। (ii) HUF की अविभाज्य सम्पत्ति से आय उस सदस्य के नाम में कर योग्य है जो सबसे बड़ा हो। (iii) स्वयं की हासिल सम्पत्ति की आय को संयुक्त हिन्दू परिवार की सम्पत्ति में बदलना।
(4)	व्यक्ति की आय में अन्य व्यक्तियों की आय को शामिल करना	(i) हस्तांतरिती की आय जहाँ सम्पत्ति हस्तांतरण बिना आय का हस्तांतरण हो। (ii) हस्तांतरिती की उदित आय जहाँ सम्पत्ति का खण्डनीय हस्तांतरण हो। (i) व (ii) की दशाओं में आय को हस्तांतरक की आय में जोड़ा जाएगा। (iii) धारा 64(1) में वर्णित जीवन साथी की आय (iv) पुत्रवधू को या उसके लाभ के लिए अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित सम्पत्ति से आय। (v) 64(1A) में वर्णित अवयस्क की आय।

© The Institute of Chartered Accountants of India

3. व्यक्तियों की कुल आय व कर दायित्व की गणना (Computation of Total Income and Tax Liability of Individuals)

आयकर करदाता की कुल आय पर लगता है। ऐसी कुल आय की गणना आय कर अधिनियम, 1961 के विभिन्न प्रावधानों के अनुरूप होती है। इस हेतु कुल आय की गणना करने की प्रक्रिया विस्तार रूप में नीचे दी गई है :

चरण-1—निवास स्थान का निर्धारण (Step 1 – Determination of residential status)

किसी व्यक्ति की कुल आय में कौन–कौन सी आय शामिल हों, यह निश्चित करने के लिए उसके निवास स्थिति का निर्धारण करना होगा।

- व्यक्ति की दशा में, गत वर्ष में/पिछले गत वर्ष में भारत में ठहराव से उसका निवास स्थान निर्धारित होगा।
- एक व्यक्ति/HUF हो सकता है :
  - — निवासी व साधारणतया निवासी
  - — निवासी लेकिन साधारणतया निवासी नहीं
  - — अनिवासी
- व्यक्ति व HUF से भिन्न करदाता या तो निवासी होंगे या अनिवासी
- एक भारतीय कम्पनी भारत में निवासी होगी
- एक गैर भारतीय कम्पनी जिसका किसी वर्ष में प्रभावी प्रबंध भारत में हो, वह उस वर्ष के लिए निवासी होगी।
- प्रत्येक अन्य करदाता के लिए निवास स्थान का निर्धारक उस वर्ष में उसके कार्यों का प्रबन्ध व नियंत्रण का स्थान होगा अर्थात् या तो भारत में या भारत के बाहर।
- किसी व्यक्ति का निवास स्थान उसकी कर योग्य आय को निर्धारित करता है।

उदाहरणार्थ, वह आय जो भारत के बाहर उपार्जित हुई तथा बाहर ही प्राप्त हुई, एक निवासी व सामान्यतया निवासी के लिए कर योग्य होगी, लेकिन अनिवासी के लिए नहीं।

चरण 2—विभिन्न शीर्षकों में आय का बंटवारा (Step 2 – Classification of income under different heads)

- आय के 5 शीर्षक हैं, नामवार—
  - — वेतन
  - — मकान सम्पत्ति से आय
  - — व्यवसाय व पेशे की आय
  - — पूंजी लाभ
  - — अन्य स्रोतों से आय

© The Institute of Chartered Accountants of India

- किसी व्यक्ति की आय को उससे सम्बन्धित शीर्षक में शामिल करें।
- प्रत्येक आय के शीर्षक में एक कर आरोपित करने वाली धारा है। (उदाहरण के लिए, वेतन के लिए धारा 15 मकान सम्पत्ति में धारा 22)
- कुछ शीर्षकों के अन्तर्गत ऐसे प्रावधान हैं जिनके आधार पर कुछ विशिष्ट मदों को उन शीर्षकों से सम्बन्धित माना गया है।

  उदाहरणार्थ, पूर्व के वर्षों में अशोध्य ऋण यदि कटौती के रूप में स्वीकृत होने के बाद अगले वर्षों में वसूल होने पर उन्हें व्यावसायिक आय माना जाएगा।

  करारोपण धारा व मान्य प्रावधानों से यह निर्धारित हो जाएगा कि किसी विशेष शीर्षक का क्षेत्र क्या है।

चरण 3—प्रत्येक शीर्षक की आय की गणना (Step 3 – Computation of income under each head)

- आय की गणना शीर्षक विशेष के प्रावधानों के अनुरूप होगी।
- प्रत्येक शीर्षक की आय का आकलन—
  - — करारोपण व मान्य प्रावधानों का प्रयोग
  - — धारा 10 की करमुक्त आयों को प्रत्येक शीर्षक से हटाकर

    कुछ आयें हैं जो पूर्णतया आयकर मुक्त हैं (अर्थात् कृषि आय) इन आयों को शामिल नहीं करना तथा सकल कुल आय का हिस्सा न होंगी।

    तथापि, कुछ आयें आंशिक रूप से कर मुक्त हैं (जैसे HRA, शिक्षा भत्ता) इन आयों को विधान में निर्दिष्ट सीमा तक हटाना है।
  - — शीर्षक के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौतियों को घटाकर और

    उदाहरणार्थ, मकान सम्पत्ति से आय की गणना के लिए निगम कर, ऋण पर ब्याज कटौती के रूप में अनुमत हैं। इसी प्रकार, अन्य शीर्षकों में भी कटौतियाँ व छूट निर्धारित हैं।
  - — अस्वीकार्य छूटों को अस्वीकार करना।

    उदाहरण के लिए, जब "व्यवसाय या पेशे से लाभ या आय" व्यक्तिगत प्रकृति का व्यय और अपराध की प्रकृति तहत में व्यय के तहत आय की गणना करते हुए कटौती के रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसलिए इस तरह के व्यय, लाभ–हानि खाते में डेबिट होने चाहिए तथा इस शीर्षक के तहत आय की गणना करते समय वापस जोड़ा जाना चाहिए।

    इसी तरह पूंजीगत लाभ के लिए शुद्ध प्रतिफल की गणना करते समय, दलाली, सकल बिक्री के प्रतिफल से एक अनुमन्य कटौती है,लेकिन प्रतिभूति लेनदेन कर का भुगतान अनुमन्य नहीं है।

चरण 4—जीवन साथी, अवयस्क बच्चे इत्यादि की आय को मिलाना (Step 4 – Clubbing of income of spouse, minor child etc.)

- उच्च श्रेणी के करदाताओं की यह प्रवृत्ति है कि वे अपनी आय को इस तरह उन लोगों को दे देते हैं, जो या तो कर देते नहीं हैं या कम दर से उन पर कर लगता है।

  उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति स्थायी जमा अपने पुत्र के नाम में करके इसलिए करते हैं, जिसकी अन्य कोई आय न हो।

© The Institute of Chartered Accountants of India

- ऐसे साधनों द्वारा आयकर की चोरी रोकने के लिए, क्लविंग प्रावधानों को आयकर अधिनियम 1961 में शामिल किया गया है, जिसके तहत कुछ व्यक्तियों (जैसे पति/पत्नी, नाबालिग बच्चे आदि) को होने वाली आय को उस व्यक्ति के लिए जिसने कर देयता की गणना करने के उद्देश्य से अपनी आय ऐसे व्यक्ति को दे दी है, में शामिल किया जाता है।
- उदाहरणार्थ, अवयस्क संतान की आय को उस माँ या बाप की आय में जोड़ेंगे जिसकी आय (संतान की आय को छोड़कर) अधिक हो। ऐसी आय को माँ–बाप की आय में जोड़कर धारा 10(32) में प्रति संतान ₹ 1,500 की कटौती देते हैं।
- लेकिन यदि अवयस्क संतान आय को अपने कौशल, प्रतिभा जैसे संगीत, नृत्य इत्यादि,तो ऐसी आय माता–पिता की आय में शामिल न होगी।

चरण 5—हानियों की पूर्ति या आगे ले जाकर हानि–पूर्ति (Step 5 – Set-off or carry forward and set-off of losses)

एक व्यक्ति के एक आय शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न आय के स्रोत हो सकते हैं। उस एक स्रोत में लाभ तथा अन्य स्रोत से हानि हो सकती है। उदाहरण के लिए, किराए के मकान से लाभ तथा रिहायशी मकान से हानि हो सकती है। इस हानि की पूर्ति किराए के मकान से करते हुए 'मकान सम्पत्ति की आय' शीर्षक के अन्तर्गत करयोग्य आय निकाली जा सकती है।

- **हानियों की अन्तः स्रोत पूर्ति**
  - एक व्यक्ति के पास उसी आय के शीर्ष के तहत एक स्रोत से आय तथा दूसरे स्रोत से हानि हो सकती है। उदाहरण के लिये, एक व्यक्ति को माल के थोक व्यापार से लाभ तथा वाहन चलाने के व्यवसाय से हानि हो सकती है।

    "व्यवसाय या पेशे से लाभ" शीर्षक के तहत, शुद्ध आय प्राप्त करने के लिए एक व्यवसाय से हानि को दूसरे व्यवसाय के लाभ से पूर्णित किया जा सकता है।
  - आय के उसी शीर्षक के भीतर एक स्रोत से हानि को दूसरे स्रोत के लाभ से पूर्णित करना स्वीकृत है, कुछ अपवादों को छोड़कर जैसे दीर्घकालीन पूँजीगत हानि को अल्पकालिक पूँजीगत लाभ से पूर्णित नहीं किया जा सकता दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ से अल्पकालिक पूँजीगत हानि को पूर्णित किया जा सकता है।
- **अन्तः शीर्षक हानियों की पूर्ति**
  - इस शीर्षक की हानि का सेटऑफ (कहें, घर की सम्पत्ति से नुकसान) दूसरे शीर्षक की आय (कहें वेतन) से भी अनुमान्य है कुछ अपवादों के अधीन जैसे कि व्यावसायिक हानि वेतन आय से सेटऑफ नहीं हो सकती है।
  - साथ ही, 'मकान सम्पत्ति' शीर्षक के तहत हानि को केवल ₹ 2 लाख की सीमा तक किसी अन्य शीर्षक के तहत आय से सेटऑफ किया जा सकता है।
- **हानियों की आगे ले जाकर पूर्ति**
  - चालू वर्ष की अनावशोषित हानि को उसके शीर्षक से अगले वर्षों में पूरा करने के लिए आगे ले जा सकते हैं।

© The Institute of Chartered Accountants of India

— यहाँ पर भी अन्तः स्रोत पूर्ति के लिए निर्धारित प्रतिबद्ध लागू होंगे जैसे लाए गई दीर्घकालीन पूँजी हानि की पूर्ति दीर्घकालीन पूँजी लाभों से ही होगी न कि अल्पकालीन पूँजी लाभों से।

— हानि को आगे ले जाने की समय सीमा भी अधिनियम में निर्धारित जैसे व्यावसायिक हानि को अगले वर्ष में पूरा करने के लिए आगे ले जाने की समय सीमा 8 वर्ष है।

चरण 6—सकल कुल आय की गणना (Step 6 – Computation of Gross Total Income)

- प्रत्येक शीर्षक में गणना की गई आयों को आय–मिलान सम्बन्धी प्रावधानों हानियों की पूर्ति तथा उन्हें आगे ले जाकर पूर्ति करने सम्बन्धी प्रावधानों को लागू करने के बाद समग्र जोड़ करते हुए सकल कुल आय को निकाला जाता है।
- GTI के गणन की प्रक्रिया को आगे दिखाया गया है :

प्रत्येक शीर्षक की आय को जोड़िए ⟶ आय–मिलान प्रावधानों को लागू कीजिए ⟶ हानियों की पूर्ति व आगे लाकर पूर्ति करने के प्रावधानों को प्रयोग करें।

चरण 7—सकल कुल आय से कटौतियाँ (Step 7 – Deductions from Gross Total Income)

कुल आय पर आने के लिए कुछ कटौती सकल कुल आय से स्वीकार्य है। अध्याय VI-A में निहित इन कटौतियों को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है।

- **कुछ भुगतानों के सम्बन्ध में कटौतियाँ**

धारा	भुगतान/जमा की प्रकृति
80C	जीवन बीमा प्रीमियम, बच्चों की ट्यूशन फीस, PPF में जमा, हाउसिंग ऋण का भुगतान इत्यादि।
80D	व्यक्ति/HUF के द्वारा निर्दिष्ट व्यक्तियों के चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान/CGHS इत्यादि में अंशदान।
80E	स्वयं या सम्बन्धी के लिए शिक्षा ऋण पर ब्याज

- **कुछ आयों के सम्बन्ध में कटौतियाँ, उदाहरण**

धारा	आय की प्रकृति
80QQB	पाठ्य पुस्तकों से भिन्न पुस्तकों के लेखकों की रॉयल्टी आय
80RRB	पैटेंट्स पर रॉयल्टी

- **अन्य आयों के सम्बन्ध में कटौतियाँ**

धारा	आय की प्रकृति
80 TTA	बैंक, सहकारी संस्था तथा डाक घर के बचत खाते पर ब्याज
80 TTB	वरिष्ठ नागरिक के मामले में, बैंक, सहकारी संस्था तथा बैंक से जमा पर ब्याज

© The Institute of Chartered Accountants of India

- **अन्य कटौतियाँ**

  दिव्यांग व्यक्ति की दशा में 80U की कटौती, ये कटौतियाँ इनकी प्रासंगिक धाराओं में निर्धारित शर्तों व सीमाओं के अधीन हैं।

  ये कटौतियाँ सम्बन्धित धाराओं में निर्दिष्ट शर्तों की सन्तुष्टि के लिये स्वीकार्य हैं। कुछ धाराओं के तहत कटौती के सम्बन्ध में सीमाएं हैं। भुगतान/आय, ऐसी सीमाओं के अधीन कटौती के रूप में स्वीकार्य हैं। उदाहरण के लिये, धारा 80 RRB के तहत अधिकतम कटौती ₹ 3 लाख है।

चरण 8—**कुल आय** (Step 8 – Total income)

- अध्याय VI A की कटौतियों को GTI में से घटाने के बाद कुल आय कहलाती है।

  कुल आय = सकल कुल आय – सकल कुल आय में से अध्याय VI-A की कटौतियाँ
- इसे 10 के गुणक में सन्निकटित करते हैं।
- करदाता की कुल आय पर कर की गणना की जाती है।

चरण 9—कुल आय पर कर की दरों को लागू करना (Step 9 – Application of the rates of tax on the total income)

- दरों को वित्तीय अधिनियम में निर्दिष्ट किया गया है।
- व्यक्तियों के लिए आधारभूत छूट की सीमा तथा स्लैब हैं। वर्तमानों में आधारभूत छूट की सीमा ₹ 2,50,000 है अर्थात् 2,50,000 तक कर शून्य होगा कर की दरें तथा कुल आय के स्तर निम्न प्रकार हैं—

	कुल आय स्तर	कर की दरें
(i)	जहाँ आय ₹ 2,50,000 से अधिक न हो	शून्य
(ii)	जहाँ आय ₹ 2,50,000 से अधिक लेकिन ₹ 5 लाख से कम हो	₹ 2.5 लाख से अधिक आय का 5%
(iii)	₹ 5 लाख से अधिक लेकिन 10 लाख से कम	₹ 12,500 + ₹ 5 लाख से अधिक आय का 20%
(iv)	₹ 10 लाख से अधिक आय पर	₹ 1,12,500 + ₹ 10 लाख से अधिक का 30%

- वरिष्ठ नागरिक के लिए (पिछले वर्ष के दौरान किसी भी समय 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का निवासी व्यक्ति होना) के लिए मूल छूट सीमा ₹ 3 लाख है तथा बहुत वरिष्ठ नागरिक (पिछले वर्ष के दौरान किसी भी समय 80 वर्ष या) उसमें अधिक आयु का निवासी व्यक्ति होना) के लिए मूल छूट सीमा ₹ 5 लाख है। इसलिए ऐसे कर निर्धारिती के लिए कर स्तर अग्र प्रकार से है :

© The Institute of Chartered Accountants of India

वरिष्ठ निवासी भारतीय नागरिकों के लिए (जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक लेकिन 80 वर्ष से कम हो)

	कुल आय स्तर	कर की दरें
(i)	₹ 3,00,000 तक की आय पर	शून्य
(ii)	₹ 3,00,000 से अधिक ₹ 5 लाख से कम	3 लाख से अधिक का 5%
(iii)	₹ 5,00,000 से अधिक लेकिन ₹ 10 लाख से कम	₹ 10,000 + ₹ 5 लाख से अधिक का 20%
(iv)	₹ 10,00,000 अधिक कुल आय	₹ 1,10,000 + ₹ 10 लाख से अधिक का 30%

गत वर्ष में किसी भी समय 80 वर्ष या अधिक के निवासी भारतीय नागरिक

	कुल आय स्तर	कर की दरें
(i)	₹ 5 लाख की आय पर	शून्य
(ii)	₹ 5 लाख से अधिक लेकिन ₹ 10 लाख से कम	5 लाख से अधिक का 20%
(iii)	₹ 10 लाख से अधिक कुल आय पर	₹ 1 लाख + ₹ 10 लाख से अधिक का 30%

- कम्पनियाँ तथा फर्मों की कर देयता बिना छूट सीमा के सामान्य दर से निर्धारित होगी।
- कर की दरें कर देयता के लिए कुल आय पर लागू होंगी।
- कुछ आयों के सम्बन्ध में कर की दरें आय कर अधिनियम, 1961 के तहत ही प्रदान की जाती हैं। उदाहरण के लिये, कुछ सम्पत्तियों पर दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ, अन्य सम्पत्तियों पर दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ, कुछ अल्पकालीन पूँजीगत लाभ तथा लॉटरी से जीत, वर्ग पहेली, दौडें आदि के लिये कर की दरें। क्रमश : धारा 112, 112A, 111A तथा 115BB में निर्धारित हैं। उपर्युक्त मामलों में कर की दरें क्रमशः 20%, 10%, 15% तथा 30% हैं। धारा 112A के तहत, किसी कम्पनी या समता उन्मुख फंड की इकाई या व्यापारिक ट्रस्ट की इकाई के समता अंशों के हस्तांतरण पर दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ ₹ 1,00,000 से अधिक है तो 10% की दर से कर योग्य है।
- विशेष दरें कुल आय के सम्बन्धित हिस्से पर तथा सामान्य स्लैब दरें छूट सीमा के बाद की शेष आय पर लागू होंगी।
- असमाप्त आधारभूत छूट सीमा को धारा 112A के अन्तर्गत कर योग्य दीर्घकालीन पूँजी लाभ व धारा 111A के अन्तर्गत कर योग्य अल्पकालीन पूँजी लाभों से समायोजित किया जा सकता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

चरण 10—धारा 87 A के तहत छूट (जहाँ कुल आय ≤ ₹ 3,50,000 हो)/अधिभार (जहाँ कुल आय > ₹ 50,00,000 हो) [Step 10 – Rebate under section 87A (where total income ≤ ₹ 5,00,000) / Surcharge (where total income > ₹ 50,00,000)]

धारा 87A के तहत छूट : 5% कर स्लैब में आने वाले व्यक्तिगत कर दाताओं को राहत प्रदान करने के लिये, धारा 87A एक कर निर्धारिती द्वारा देय कर से छूट प्रदान करता है, जो भारत में एक निवासी व्यक्ति है; जिसकी कुल आय **₹ 5,00,000** से अधिक नहीं है। छूट किसी कर निर्धारण वर्ष में कुल आय पर देय आय कर की राशि या **₹ 12,500** जो भी कम हो उसके बराबर होगी।

हाँलाकि, धारा 112A के तहत कर योग्य दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ पर 10% की दर से देय कर के सम्बन्ध में धारा 87A के तहत छूट उपलब्ध नहीं है।

अधिभार (Surcharge) : अधिभार आय कर से बढ़कर अतिरिक्त देय कर है। अधिभार आयकर की प्रतिशतता में लगाया जाता है। ऐसे मामले जहाँ एक व्यक्ति/HUF/AOP/BOI की कुल आय ₹ 50 लाख से अधिक पर ₹ 1 करोड़ से कम है, तो अधिभार आय कर की 10% की दर से देय है; ऐसे व्यक्ति की कुल आय ₹ 1 करोड़ से अधिक के मामले में अधिभार, आयकर की **15%** की दर से देय है।

कुल आय (1)	**अधिभार** (2)
> ₹ 50,00,000 ≤ ₹ 1 करोड़	आय कर का 10%
> ₹ 1 करोड़ ≤ ₹ 2 करोड़	आय कर का 15%
> ₹ 2 करोड़ ≤ ₹ 5 करोड़	आय कर का 25%
> ₹ 5 करोड़	आय कर का 37%

चरण 11—आय कर पर स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर (HEC) [Step 11 – Health and education cess (HEC) on income tax]

आय कर पर स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर @4% जोड़कर तथा धारा 87A के तहत छूट जहाँ लागू हो, घटाकर आय कर को बढ़ाया जाता है। यह उन सभी व्यक्तियों द्वारा देय है जो कुल आय के अपने स्तर के लिये आयकर का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी है।

कुल कर दायित्व	=	**लागू दरों पर कुल आय पर कर**	+	अधिभार, लागू दर पर, यदि कुल आय > ₹ 50 लाख,	+ HEC@4%
			–	धारा 87A के तहत छूट यदि कुल आय ≤ ₹ 5 लाख	

चरण 12—वैकल्पिक न्यूनतम कर (AMT) [Step 12 – Alternate Minimum Tax, (AMT)]

अध्याय XII-BA में कम्पनी के अलावा अन्य व्यक्तियों के मामले में वैकल्पिक न्यूनतम कर लगाने के लिए विशेष प्रावधान हैं। किसी भी कम्पनी के अलावा कोई भी व्यक्ति, जिसने किसी भी धारा (धारा 80P के अलावा) के तहत कटौती का दावा किया है, अध्याय VI-A में शामिल है। शीर्षक C – कुछ आय के सम्बन्ध में कटौती या धारा 10AA या 35AD के तहत निवेश से जुडी कटौती, AMT के अधीन होगा [धारा 115JEE (1)]

© The Institute of Chartered Accountants of India

हालांकि, AMT के प्रावधान किसी व्यक्ति, HUF, AOP, BOI चाहे वह निगमित हो या ना हो, कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति पर लागू नहीं होंगे। अगर ऐसे व्यक्ति की समायोजित कुल आय ₹ 20 लाख से अधिक नहीं है [धारा 115JEE (2)] ।

नोट : इण्टरमीडियेट स्तर पर, चूंकि धारा 80-IA से 80-IE धारा 80JJA, 80LA, 80P और 80PA के तहत प्रदान की गई लाभ से जुड़ी कटौती को अध्ययन के दिशानिर्देशों के अनुसार पाठ्यक्रम के दायरे से बाहर रखा गया है। कुल आय और कर देयता की गणना केवल व्यक्तिगत मूल्यांकनकर्ताओं तक ही सीमित है, इस अध्याय में AMT के सम्बन्ध में चर्चा धारा 10AA, धारा 35AD तथा धारा 80JJAA, 80QQB और 80RRB के तहत कटौती के सम्बन्ध में शामिल हैं।

तदानुसार, जहां आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा पिछले वर्ष के लिए देय नियमित आयकर देय है, ऐसे पिछले वर्ष के लिए AMT से कम है, समायोजित कुल आय को व्यक्ति की कुल आय माना जायेगा। ऐसा व्यक्ति समायोजित कुल आय @18.5% पर आयकर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। [धारा 115JC]

"समायोजित कुल आय" का आशय अध्याय XII-BA के प्रभाव में वृद्धि से पहले कुल आय से है :

(i) धारा 10AA के तहत यदि कोई हो, कटौती का दावा किया;

(ii) कटौती धारा 35AD के तहत दावा की गई, जैसा कि धारा 32 के तहत स्वीकृत मूल्य ह्रास से कम है, जैसा कि उस सम्पत्ति के सम्बन्ध में धारा 35AD के तहत कोई कटौती की अनुमति नहीं थी जिसके लिए ऐसी कटौती का दावा किया जाता है, तथा

(iii) किसी निश्चित आय के सम्बन्ध में शीर्षक C- कटौती के तहत अध्याय VI-A में शामिल किसी भी धारा के तहत कटौती [इंटरमीडिएट स्तर के लिए, प्रासंगिक धारा 80JJAA, 80QQB, और 80RRB हैं]

AMT के लिए कर क्रेडिट [धारा 115JD]

कर क्रेडिट वर्ष के लिए आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत देय नियमित आयकर पर देय AMT की अधिकता है। उसी वर्ष में देय AMT से अधिक के अधिनियम के प्रावधानों के तहत देय नियमित आयकर के अधिक की सीमा तक इस तरह के कर क्रेडिट को आगे और आयकर देय से सेट ऑफ किया जायेगा। शेष कर क्रेडिट यदि कोई है, उसी वर्ष सेट ऑफ के लिए अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जायेगा।

AMT के क्रेडिट को अधिकतम कर निर्धारण वर्षों तक उस कर निर्धारण वर्ष के बाद जिसमें यह क्रेडिट स्वीकृत होता है, अधिकतम 15 कर निर्धारण वर्षों तक सेट ऑफ या आगे ले जाया जायेगा।

समायोजित कुल वर्ष में कुल आय 20 लाख से अधिक नहीं होने पर भी कर क्रेडिट स्वीकार्य है [धारा 115JEE (3)]

ऐसे मामले में जहां कर निर्धारिती ने धारा 10AA या धारा 35AD या किसी भी पिछले वर्ष में धारा 80JJAA, 80QQB और 80RRB के तहत किसी कटौती का दावा नहीं किया है और उस

© The Institute of Chartered Accountants of India

वर्ष की समायोजित कुल आय ₹ 20 लाख से अधिक नहीं है, वह उस वर्ष में अपने आगे लाया AMT क्रेडिट को सेट–ऑफ करने का हकदार होगा।

चरण 13 : अग्रिम कर, TDS और TCS के लिए क्रेडिट (Step 13 : Credit for advance tax, TDS and TCS)

- वेतन किराया, ब्याज, पेशेवर सेवाओं के लिए फीस, रॉयल्टी आदि के भुगतान के समय स्रोत पर कर घटाया जाता है।
- भुगतान करने वाले को सम्बन्धित अनुभाग में निर्दिष्ट दरों पर स्रोत पर कर कटौती करनी होती है, मानो रॉयल्टी और पेशेवर सेवाओं की फीस, सम्बन्ध में कर में 10% की कटौती की जाती है।
- स्रोत पर घटाए गए कर को अपने शुद्ध कर दायित्व का निर्धारित करने के लिए अदाता द्वारा कम किया जाना चाहिए।
- संबंधित अनुभाग में निर्दिष्ट दर पर कुछ सामनों के मामले में विक्रेता द्वारा कर संग्रहणीय है। स्रोत पर ऐसे कर संग्रह का क्रेडिट कर देयता निर्धारित करने के लिए स्वीकार्य है।
- आयकर अधिनियम, 1961 में अनुमानित आय के आधार पर पिछले वर्ष के दौरान किस्तों में अग्रिम कर के भुगतान की आवश्यकता होती है, यदि TDS/TCS को कम करने के बाद देय 10,000 या उससे अधिक है।
- दोनों कॉर्पोरेट और गैर–कॉर्पोरेट कर निर्धारिती को वित्तीय वर्ष के 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च को या उससे पहले चार किस्तों में अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यकता है।
- दोनों 44AD या धारा 44ADA के अन्तर्गत आनुमानिक प्रावधानों को चुनने वाला कर निर्धारिती, हालांकि, वित्तीय वर्ष के 15 मार्च को या उससे पहले अपने पूर्ण अग्रिम कर का भुगतान कर सकता है।
- सम्बन्धित मूल्यांकन वर्ष के लिए भुगतान किए गए अग्रिम कर, टीसीएस और टीडीएस को कुल देय कर से कटौती करें।

शुद्ध कर दायित्व = कुल कर दायित्व – TDS – TCS – अग्रिम कर भुगतान किया हुआ

चरण 14 - योग्य कर देय/कर वापसी (Step 14 - Tax Payable/Tax Refundable)

स्रोत पर काटे गए अग्रिम कर और कर को समायोजित करने के बाद, निर्धारिती शुद्ध कर देय या वापसी योग्य की राशि पर पहुंच जाएगा। इस तरह की राशि को ₹ 10 के निकटतम गुणक में समाप्त कर दिया जाना चाहिए। कर निर्धारिती को रिटर्न दाखिल करते समय भुगतान योग्य कर (स्वय–मूल्यांकन कर) का भुगतान करना होता है। इसी तरह यदि कोई धन वापसी बकाया है, तो आय का रिटर्न दाखिल करने के बाद वही निर्धारिती को मिलेगा।

नोट : छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे कुल आय और कर देयता की गणना पर समस्याओं को हल करते समय उपर्युक्त चरणों को ध्यान से पढ़ें और दिए गए विवरण का पालन करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

अभ्यास
(EXERCISE)

प्रश्न (Question) **1**

एक अमेरिकन नागरिक मिस चार्ली की USA में भारतीय श्री राधे से 02.03.2019 को शादी हुई तथा प्रथमबार 16.03.2019 को भारत आई। वह 19.09.2019 को U.S.A. लौट गई। 27.03.2020 को पुनः भारत आई। भारत में रहते उन्होंने मुम्बई में 22.04.2019 को एक शोरूम खरीदा जिसे 01.05.2019 से एक कम्पनी को ₹ 25,000 प्रतिमाह किराए पर दिया। इसे क्रय करने के लिए उसने बैंक ऋण पर ब्याज ₹ 97,500 31.03.2020 तक चुकाया। उसने अपने सम्बन्धी व दोस्तों से 1.04.2019 से 31.03.2020 तक निम्न उपहार प्राप्त किए :

—	*पति के माता–पिता से*	*₹ 51,000*
—	*पति की विवाहित बहिन से*	*₹ 11,000*
—	*पति के दो अन्य अनन्य मित्रों से ₹ 1,51,000 व ₹ 21,000,*	*₹ 1,72,000*

उसकी आवासीय स्थिति का निर्धारण करें तथा निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए ऐसी आय पर देय कर की राशि के साथ कर की कुल आय को करयोग्य करें।

उत्तर (Answer)

धारा 6(1) में कोई व्यक्ति भारत में निवासी होगा यदि गतवर्ष में उसने निम्न में से कोई एक शर्त पूरी की हो।

(i) वह भारत में गतवर्ष के 182 या अधिक दिन भारत में रहा हो, या

(ii) गतवर्ष से तुरन्त पूर्व के 4 वर्षों में 365 या अधिक दिन भारत में रहा हो तथा गतवर्ष में 60 दिन या अधिक भारत में रहा हो।

यदि व्यक्ति किसी एक शर्त को पूरी करता है तो वह निवासी होगा। यदि कोई एक शर्त पूरी न हो तो वह अनिवासी होगा।

इसलिए AY 2020-21 के लिए मिस चार्ली, एक अमेरिकी राष्ट्रीय की आवासीय स्थिति पिछले वर्ष के दौरान भारत में उसके रहने के आधार पर निर्धारित की जानी है, जो कि AY 2020-21 के लिए प्रासंगिक है, जो कि AY 2019-20 और पूर्ववर्ती चार निर्धारण वर्षों में।

पिछले वर्ष 2019-20 के दौरान और पूर्ववर्ती चार वर्षों के दौरान भारत में उनका आवास निम्नानुसार है :

गतवर्ष 2019-2020

01.04.2018 से 19.09.2019	—	172 दिन
27.03.2019 से 31.03.2019	—	5 दिन
कुल		177 दिन

चार पूर्व के गत वर्षों में

गतवर्ष 2018-19 (1.04.2018 से 31.03.2019)	—	16 दिन

© The Institute of Chartered Accountants of India

गतवर्ष 2017-18 (1.4.2017 से 31.3.2018)	—	शून्य
गतवर्ष 2016-17 (1.4.2016 से 31.3.2017)	—	शून्य
गतवर्ष 2015-16 (1.4.2015 से 31.3.2016)	—	शून्य
कुल		16 दिन

करदाता का गतवर्ष में कुल ठहराव भारत में 182 दिन से कम तथा पूर्व के 4 गतवर्षों में भारत में ठहराव 16 दिन रहा। अतः शर्त/शर्तें पूरी न होने के कारण उसे A.Y. 2020-21 में अनिवासी माना जाएगा।

चार्ली की कुल आय की गणना (A.Y. 2020-21)

विवरण		₹	₹
मकान सम्पत्ति से आय			
शोरूम का किराया 1.05.2019 से 31.03.2020 तक @ ₹ 25,000 प्रतिमाह		2,75,000	
सकल वार्षिक मूल्य [**देखें नोट** 1] [₹ 25,000 × 11]			
घटाएँ : निगम कर		शून्य	
शुद्ध वार्षिक मूल्य		**2,75,000**	
— धारा 24 में कटौती			
शुद्ध वार्षिक मूल्य का 30%	82,500		
ऋण पर ब्याज	97,500	1,80,000	95,000
अन्य स्रोतों से आय			
सम्बन्धियों से प्राप्त उपहार धारा 56(2)(X) में कर योग्य है, क्योंकि ₹ 50,000 मूल्य से अधिक है।			
— ₹ 50,000 पति के माता–पिता से प्राप्त कर मुक्त है, क्योंकि सम्बन्धियों से प्राप्त उपहार कर मुक्त है।		शून्य	
— पति की विवाहित बहिन से प्राप्त उपहार कर योग्य नहीं है, ₹ 11,000 की राशि कर मुक्त		शून्य	
— पति के दोस्त से प्राप्त ₹ 1,72,000 की राशि धारा 56(2)(X) में कर योग्य [**देखें नोट** 2]		1,72,000	1,72,000
कुल आय			**2,67,000**

मिस चार्ली द्वारा देय कर की गणना (A.Y. 2020-21)

विवरण	₹
₹ 2,67,000 की आय पर कर	850
जोड़ो : स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर @ 4%	34
कुल देय कर	**884**
Total tax payable (rounded off)	**880**

© The Institute of Chartered Accountants of India

नोट्स :

1. अन्य सूचना के अभाव में प्राप्त किराए की राशि को ही सकल वार्षिक मूल्य माना गया है। (अर्थात् प्राप्त किराया, उचित किराया, प्रमाप किराया)।
2. यदि गैर–सम्बन्धी से करयोग्य उपहार ₹ 50,000 से अधिक हों तो कर योग्य होंगे। अतः ₹ 1,72,000 की समस्त राशि 56 (2) (X) में कर योग्य होगी।
3. क्योंकि चार्ली 2020-21 में अनिवासी हैं तो 87A की छूट उपलब्ध न होगी चाहे कुल आय ₹ 5 लाख से कम हो।

प्रश्न (Question) **2**

डॉ. निरंजन एक निवासी व्यक्ति जो 60 वर्ष के हैं एक क्लीनिक चलाते हैं। उनका 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का आय–व्यय खाता निम्न है :

व्यय	*₹*	*आय*	*₹*
दवाइयाँ	*35,38,400*	*चिकित्सा एवं परामर्श शुल्क*	*58,85,850*
स्टाफ वेतन	*13,80,000*	*आयकर वापसी (मूल ₹5,000 ब्याज ₹450)*	*5,450*
क्लीनिक दैनिक व्यय	*1,10,000*	*U.T.I. से लाभांश*	*10,500*
किराया	*90,000*	*TV शो से प्राप्त शुद्ध (TDS ₹15,000)*	*35,000*
प्रशासन व्यय	*2,55,000*	*किराया*	*27,000*
धारा 35 में अनुमोदित वैज्ञानिक अनुसंधान को दान	*1,50,000*		
शुद्ध लाभ	*4,40,400*		
	59,63,800		***59,63,800***

(i) किराया भुगतान में ₹ 30,000 स्वयं के किराये के रिहायशी मकान के चेक द्वारा भुगतान राशि शामिल है।

(ii) क्लीनिक यंत्र हैं :

1.04.2019 प्रारम्भिक W.D.V. — ₹5,00,000

7.12.2019 चेक से क्रय — ₹2,00,000

(iii) प्राप्त किराए में सूरत में स्थित सम्पत्ति से प्राप्त हैं। सकल वार्षिक मूल्य, ₹ 27,000 म्युनिसिपल कर ₹2,000 दिसम्बर, 2019 में भुगतान जो प्रशासन व्यय में शामिल हैं।

(iv) ₹7,500 प्रतिमाह वेतन पूर्ण इलाह हॉस्पीटल से प्राप्त जो परामर्श शुल्क में शामिल नहीं है।

(v) ₹ 5,50,000 का बैंक लोन अपनी पुत्री की शिक्षा हेतु लिया 1 वर्ष 2019-20 में मूल ₹1,00,000 व ब्याज ₹55,000 का भुगतान।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(vi) ₹ 1,00,000 ट्यूशन फीस का भुगतान किया जो विकास फीस या दान के रूप में नहीं था।

(vii) ₹ 28,000 का भुगतान चेक से 27 मार्च, 2020 को चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान।

A.Y. 2020-21, की डॉ. निरंजन की कुल आय की गणना करें।

उत्तर (Answer)

निरंजन की कुल आय व कर देयता की गणना (A.Y. 2020-21)

	विवरण	₹	₹	₹
I	**वेतन से आय** (₹ 7,500 × 12)		90,000	
	घटाएँ : मानक कटौती धारा 16(ia)		50,000	40,000
II	**मकान सम्पत्ति से आय**			
	सकल वार्षिक मूल्य		27,000	
	घटाओ : म्यूनिसिपल कर		2,000	
	शुद्ध वार्षिक मूल्य (NAV)		25,000	
	घटाओ : NAV का 30% धारा 24 से 25,000 के		7,500	17,500
III	**पेशे से आय**			
	आय व्यय खाते में प्रदत्त शुद्ध लाभ		4,40,400	
	घटाओ : आय के मद (अलग व्यवहार)			
	(i) प्राप्त किराया	27,000		
	(ii) UTI लाभांश	10,500		
	(iii) TV शो में गेम जीतना (TDS काट कर)	35,000		
	(iv) आयकर वापसी	5,450	77,950	
			3,62,450	
	घटाएं : स्वीकार्य व्यय			
	क्लीनिक यन्त्रों पर ह्रास			
	₹ 5,00,000 पर 15%	75,000		
	₹ 2,00,000 पर 7.5%	15,000		
	(दिसम्बर 19 में क्रय यंत्रों पर साधारण ह्रास का 50% स्वीकृत होगा क्योंकि प्रथम वर्ष में 180 दिन से कम प्रयुक्त हुए हैं)			
	वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अतिरिक्त कटौती (क्योंकि 150% की भारित कटौती ऐसे भुगतान के सम्बन्ध में)	75,000	1,65,000	
			1,97,450	

© The Institute of Chartered Accountants of India

	जोड़ो : व्यावसायिक आय की गणना में अस्वीकार्य व्यय			
	(i) आय और व्यय खाते में शामिल उसके आवासीय स्थान का किराया	30,000		
	(ii) प्रशासनिक कर में शामिल उसके सूरत में आवासीय मकान से सम्बन्धित भुगतान किया गया म्युनिसिपल कर।	2,000	32,000	2,29,450
IV	**अन्य स्रोतों से आय**			
	(i) आयकर वापसी पर ब्याज		450	
	(ii) UTI पर लाभांश	10,500		
	घटाएँ : धारा 10(35) में कर मुक्त	10,500	शून्य	
	(c) गेम शो से जीत (₹ 35,000 + ₹ 15,000)		50,000	50,450
	सकल कुल आय			**3,37,400**
	घटाएँ : अध्याय VI A की कटौतियाँ			
	(a) धारा 80C उसकी पुत्री के लिए पूर्णकालिक शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी की दी गई ट्यूशन फीस		1,00,000	
	(b) धारा 80D चिकित्सा बीमा प्रीमियम (पूरी तरह से अनुमत है जब तक वह वरिष्ठ नागरिक है।		28,000	
	(c) धारा 80E उच्च शिक्षा के लिए, लिए गए ऋण पर ब्याज कटौती योग्य है।		55,000	1,83,000
	कुल आय			**1,54,400**

नोट्स :

(i) आयकर रिफण्ड की ओर प्राप्त मूल राशि को कुल आय की गणना के बाहर रखा गया है। प्राप्त ब्याज "अन्य स्रोत से आय" शीर्षक के तहत कर योग्य है।

(ii) TV पर गेम शो सी जीत "अन्य स्रोत से आय" (₹ 35,000 + ₹ 15,000) शीर्षक के तहत उत्तरदायी होगी। फिर कर की देयता की गणना के समय, कर देयता पर पहुंचने के लिए ₹ 15,000 पर TDS काटा जाना चाहिए। गेम शो से जीत धारा 115BB के अनुसार @ 30% कर के लिए है।

(iii) चूंकि डॉ. निरंजना सूरत में अपने किराए के घर में रह रही हैं, वे धारा 80GG के तहत कटौती के लिए योग्य नहीं है, जैसे उनका सूरत में एक घर है जिसे उसने किराए पर दिया है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

प्रश्न (Question) **3**

पूर्वी एक प्रैक्टिस करने वाली चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। उसके खाते रोकड़ आधार पर रखे गए हैं। उसका आय–व्यय खाता 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए निम्न प्रकार है :

व्यय	*₹*	*आय*	*₹*	*₹*
स्टाफ को वेतन	*15,50,000*	*अर्जित फीस*	*27,88,000*	
आर्टीकल्ड सहायकों	*1,37,000*	*करारोपण सेवाएं*	*15,40,300*	
को सहायता राशि		*परामर्श शुल्क*	*12,70,000*	*55,98,300*
आर्टीकल्ड सहायकों को प्रोत्साहन राशि	*13,000*	*भारतीय कम्पनियों के अंशों पर लाभांश (सकल)*		*10,524*
कार्यालय किराया	*12,24,000*	*UTI से आय*		*7,600*
छपाई व कागज	*12,22,000*	*विभिन्न संस्थाओं*		
मीटिंग, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस	*31,600*	*से उत्तर पुस्तिकाओं*		
कार क्रय की	*80,000*	*के मूल्यांकन की राशि*		*15,800*
कार की मरम्मत व पेट्रोल	*4,000*	*फ्लैट के किराए से प्राप्त राशि*		*85,600*
यात्रा व्यय	*5,25,000*			
मकान सम्पत्ति पर कर	*3,000*			
शुद्ध लाभ	*9,28,224*			
	57,17,824			***57,17,824***

अन्य सूचना :

(i) मोटरकार पर स्वीकृत ह्रास 15%

(ii) पेशे के दौरान ग्राहकों से प्राप्त लाभों का मूल्य ₹10,500

(iii) दो आर्टीकल्ड सहायकों को प्रोत्साहन राशि उन्हें IPCC Exam प्रथम बार में पास होने के लिए दी गई है।

(iv) कार के रिपेयर व रखरखाव की ₹2,000 की राशि 1.10.19 से 30.09.20

(v) वेतन में ₹ 30,000 शामिल दोनों कम्प्यूटर विशेषज्ञ को नकद भुगतान जो पूर्वी को पेशेवर एसाइनमैंट में मदद के लिए है।

(vi) यात्रा व्ययों के विदेशी टूर पर व्यय शामिल ₹32,000 हैं जो RBI मानदण्डों के अनुरूप हैं।

(vii) आश्रित भाई व वयस्क आश्रित पुत्र के चिकित्सा बीमा प्रीमियम की राशि क्रमशः ₹ 5,000 व ₹10,000 है।

(viii) राष्ट्रीय बचत प्रमाप पत्र में निवेशक ₹ 10,000 पूर्वी की कुल आय व A.Y. 2020-21 के देय कर की गणना करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उत्तर (Answer)

पूर्वी की कुल आय व देय कर की गणना (A.Y. 2020-21)

विवरण	₹	₹
मकान सम्पत्ति की आय **(देखें W.N.1)**		57,820
व्यवसाय व पेशे के लाभ **(देखें W. N. 2)**		9,20,200
अन्य स्रोतों से आय **(देखें W.N.3)**		15,800
सकल कुल आय		**9,93,820**
घटाएं : अध्याय VI A की कटौतियाँ **(देखें W.N.4)**		10,000
कुल आय		**9,83,820**
कुल आय पर कर		
₹ 2,50,000 तक	शून्य	
₹ 2,50,000 – ₹ 5,00,000 @ 5%	12,500	
₹ 5,00,000 – ₹ 9,83,820 @ 20%	96,764	1,09,264
जोड़ो : स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर @ 4%		4,371
कुल कर दायित्व		**1,13,635**
देय कर		**1,13,640**

क्रियात्मक टिप्पणियाँ :

(1) **मकान सम्पत्ति से आय**

विवरण	₹	₹
धारा 23 (1) में सकल वार्षिक मूल्य	85,600	
घटाएँ : नगरपालिका कर	3,000	
शुद्ध वार्षिक मूल्य	82,600	
घटाएं : धारा 24 में कटौती @ 30%	24,780	57,820

नोट : म्युनिसिपल मूल्य, उचित किराया और मानक किराए से सम्बन्धित अन्य जानकारी के अभाव में प्राप्त किराए को सकल वार्षिक मूल्य के रूप में लिया गया है।

2. **व्यवसाय व पेशों के लाभों से आय**

विवरण	₹	₹
आय–व्यय खाते का शुद्ध लाभ		9,28,224
जोड़ो : डेबिट व्यय जो स्वीकृत नहीं		

© The Institute of Chartered Accountants of India

(i) कम्प्यूटर विशेषज्ञ को नकद वेतन धारा 40A (3) में अस्वीकृत क्योंकि ऐसा नकद भुगतान ₹ 10,000 से अधिक है।	30,000	
(ii) कार की क्रय के लिए भुगतान की गई राशि धारा 37(1) में अस्वीकृत क्योंकि यह पूँजीगत व्यय है।	80,000	
(iii) म्युनिसिपल कर किराए के मकान के सम्बन्ध में	3,000	1,13,000
		10,41,224
जोड़ें : पेशे के कोर्स के दौरान ग्राहकों द्वारा प्राप्त लाभ [धारा 28(iv) के तहत व्यवसाय आय के रूप में कर योग्य]		10,500
घटाएं : आय क्रेडिट परन्तु इस धारा के तहत करयोग्य नहीं		
(i) भारतीय कम्पनियों से लाभांश	10,524	10,51,724
(ii) UTI से आय	7,600	
(iii) उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का पारिश्रमिक	15,800	
(iv) रिहायशी फ्लैट से प्राप्त किराया	85,600	1,19,524
		9,32,200
घटाओ : मोटरकार का ह्रास @15% [**देखें नोट 1**]		12,000
		9,20,200

नोट्स :

(i) यह माना गया है कि मोटर कार पिछले वर्ष के दौरान 180 से अधिक दिनों के लिए उपयोग किया गया था और इसलिए धारा 32(1)(ii) के तहत पूर्ण मूल्य ह्रास @15% प्रदान किया गया है।

नोट : विकल्पित प्रश्न यह मानकर हल किया जा सकता है कि मोटर कार को 180 दिन से कम समय के लिए उपयोग में लिया गया है और तदानुसार नीचे धारा 32(1)(ii) के दूसरे अनंतिम के अनुसार केवल 50% मूल्य ह्रास स्वीकार्य होगा।

(ii) अपने पहले प्रयास में IPCC की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अर्टीकल सहायकों के लिए प्रोत्साहन धारा 31(1) के तहत कटौती योग्य है।

(iii) 1.04.2020 से 30.09.2020 तक की अग्रिम मरम्मत व रखरखाव पर व्यय 6 महीने का ₹ 1,000 स्वीकार्य है, क्योंकि पूर्वी रोकड़ पद्धति से खाते रखती है।

(iv) विदेशी टूर का ₹ 32,000 व्यय स्वीकार्य है क्योंकि पेशे के कार्य से सम्बन्धित है। Since it has already been debited to income and expenditure account, nofurther adjustment is required.

(3) **अन्य स्रोतों से आय**

विवरण	₹	₹
भारतीय कम्पनियों से लाभांश	10,524	
घटाओ : धारा 10(34) में कर मुक्त	10,524	शून्य

© The Institute of Chartered Accountants of India

UTI से आय	7,600	शून्य
घटाओ : उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का पारिश्रमिक	7,600	15,800
		15,800

(4) **अध्याय VI-A में कटौतियाँ**

विवरण	₹
80C में कटौती (NSC में निवेश)	10,000
80D में कटौती **[देखें नोट (i) व (ii)]**	शून्य
अध्याय VI-A में कटौती	10,000

नोट :

(i) भाई के स्वास्थ्य का बीमा करने के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम धारा 80D तहत कटौती के लिए योग्य नहीं है, भले ही वह एक आश्रित है, क्योंकि धारा 80D के तहत "परिवार" की परिभाषा में शामिल नहीं है।

(ii) वयस्क पुत्र के स्वास्थ्य का बीमा करने के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम कटौती के योग्य नहीं है, हालांकि वह एक आश्रित है चूंकि भुगतान नकद में किया जाता है।

प्रश्न (Question) **4**

Y अपना व्यवसाय चलाते हैं। उनके ट्रेडिंग, लाभ–हानि खाते में निम्न सूचना उपलब्ध हुई वर्ष की समाप्ति 31-03-2020 के लिए :

(1) शुद्ध लाभ ₹ 11,20,000

(2) लाभ–हानि खाते में निम्न आय क्रेडिट की गई है :

(a) UTI से लाभांश ₹ 22,000

(b) ऋणपत्रों पर ब्याज ₹ 17,500

(c) दौड़ों से आय ₹ 15,000

(3) यह पता चला कि प्रारम्भिक व अन्तिम दोनों ही स्कन्ध शामिल करने से छूट गए थे जिनका मूल्य निम्न था :

प्रारम्भिक स्टॉक – ₹ 8,000 .

अंतिम स्टॉक – ₹ 12,000.

(4) ₹ 1,00,000 की राशि लाभ खाते में धारा 35(1)(ii) में अनुमोदित विश्वविद्यालय के नाम डेबिट थी।

(5) अपने भाई को ₹ 20,000 के वेतन में ₹ 2,500 अनुचित पाए गए।

(6) विज्ञापन व्यय में ग्राहकों को भेंट पैकेट ₹ 1,000 प्रति पैकिट 15 पैकिट थे।

(7) कार पर कुल व्यय ₹ 78,000 कार व्यावसायिक व्यक्तिगत कार्य के लिए 3/4 अनुपात में प्रयुक्त हुई।

(8) मिश्रित व्ययों में ₹ 30,000 A & Co. जो वितरक हैं, को 31.1.2020 को कम्पनी के उत्पाद को गोदाम में भेजने के लिए नकद भुगतान किए।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(9) लेखों में ह्रास ₹55,000 डेबिट है। आयकर नियम 1962 के अनुसार ह्रास ₹50,000 स्वीकार है।

(10) आहरण ₹10,000

